08

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14 / अ0प्र0–14–136 / 2025 9501 / पटना, दिनांक–2.9.25

दिनांक 08.04.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अवयव के रूप में ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कार्य प्रमंडल, बेलसंड के अधीन Package No. RRSMP/24-25 Belsand/01 (Tender ID- 139477) के अन्तर्गत पथ की उन्नयन एवं Operation and Management हेतु दिनांक 26.03.2025 को प्राप्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा की गयी।

उक्त निविदा में Azad Kumar Malakar (Reg No. 1210438) Add:- S/O:Late Mahavir Bhagat, Gopalpur, Balua Chowk, Motihari, East Champaran, Bihar 845401 द्वारा समर्पित कार्य प्रमंडल, चकिया के द्वारा निर्गत समरूप कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र गलत पाये जाने के कारण CMBD कि कंडिका.– 4.4 A (C) & 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय पत्रांक 2565 अनु0 दिनांक 08.07.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 7827 अनु0 दिनांक 18.07.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक Azad Kumar Malakar से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, जिसके आलोक में संवेदक अपना स्पष्टीकरण विभाग को दिनांक 28.07.2025 को समर्पित किया गया है। जिसमें प्रतिवेदित है कि अनुभव प्रमाण–पत्र भूलवश गलत अपलोड हो गया है। तद्‌लोक में विभागीय समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए उक्त संवेदक को काली सूची में डालने का निर्णय लिया गया है।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–(ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार / संवेदक **Azad Kumar Malakar (Reg No. 1210438) Add:- S/O:Late Mahavir Bhagat, Gopalpur, Balua Chowk, Motihari, East Champaran, Bihar 845401** के निबंधन को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklisted**) किया जाता है।

ह0/– 2.9.25
(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–136 / 2025 9501 / पटना, दिनांक– 2.9.25

प्रतिलिपि– Azad Kumar Malakar Add:- S/O:Late Mahavir Bhagat, Gopalpur, Balua Chowk, Motihari, East Champaran, Bihar 845401को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/– 2.9.25
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

क0प्र0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–136 / 2025 9501 / पटना, दिनांक– 2-9-25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–136 / 2025 9501 / पटना, दिनांक– 2-9-25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–136 / 2025 9501 / पटना, दिनांक– 2-9-25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव